प्यार से मेरे श्याम को सजा ले

कोई प्यार से मेरे श्याम को सजा ले,
गजब हो जाएगा गजब हो जाएगा.....

गंगाजल से इन्हें नहलाओ,
सारे जमाने का इत्र लगाओ,
फिर रंग बसंती चोला इन्हें पहनाओ,
गजब हो जाएगा गजब हो जाएगा,
कोई प्यार से मेरे श्याम को सजा ले,
गजब हो जाएगा गजब हो जाएगा.......

सांवले से चेहरे पे चंदन लगा के,
माथे पे रोली का टीका लगा के,
फिर आईना मेरे श्याम को दिखा दे,
गजब हो जाएगा गजब हो जाएगा,
कोई प्यार से मेरे श्याम को सजा ले,
गजब हो जाएगा गजब हो जाएगा......

कानों में कुण्डल वैजंती माला,
दूल्हा लगे है नन्द जी का लाला,
इन भक्तों को बाराती बना ले,
गजब हो जाएगा गजब हो जाएगा,
कोई प्यार से मेरे श्याम को सजा ले,
गजब हो जाएगा गजब हो जाएगा........

नजर लगे ना राई नूण वारो,
श्याम परिवार को लागे बड़ा प्यारो,
कोई प्रेम करके प्रेम से रिझाले,
गजब हो जाएगा गजब हो जाएगा,
कोई प्यार से मेरे श्याम को सजा ले,
गजब हो जाएगा गजब हो जाएगा........

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/30495/title/pyar-se-mere-shyam-ko-saja-le

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |